बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संख्या – 01/भू0अ0नि0(3)रा0स्था0–01/2021........198........

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,
सुरक्षा,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :–21-01-2021

विषय :– नवपदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सुरक्षा हेतु अंगरक्षक उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य के 20 जिलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ किया गया है। इन 20 जिलों में समाहर्त्ता–सह–जिला पदाधिकारी के द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी का कार्य किया जा रहा था। वर्त्तमान में इन 20 जिलों में से 19 जिलों यथा– बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा स्वंतत्र रूप से बन्दोबस्त पदाधिकारियों को पदस्थापित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भू–सर्वेक्षण का कार्य भूमि से संबंधित है और इन बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा निरंतर क्षेत्रीय भ्रमण किया जा रहा है। इन पदाधिकारियों द्वारा अपने लिए अंगरक्षक हेतु भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को अभ्यावेदन उपलब्ध कराया है।

आप अवगत हैं कि भू–सर्वेक्षण का कार्य भू–विवादों एवं अन्य कारणों से अत्यंत संवेदनशील है, जिसके कारण इस कार्य में संलग्न वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

यहाँ यह उल्लेखित करना आवश्यक होगा कि समाहर्त्ता–सह–जिला पदाधिकारियों के द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी का कार्य पूर्व में देखा जा रहा था और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा तथा अंगरक्षक सरकार द्वारा उपलब्ध है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि उक्त जिलों में पदस्थापित एवं स्वंतत्र रूप से कार्यरत बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सुरक्षा हेतु अंगरक्षक उपलब्ध कराए, के संबंध में समुचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

19/1/21

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2021\Manoj Jha Sir, Assistant director\Director\file no. 01, 2021, 21-01-2021.doc

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)रा0स्था0–01 / 2021......198...... **पटना,दिनांक:–** 21-01-2021

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं तदनुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि स्वतंत्र रूप से पदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अंगरक्षक उपलब्ध कराने हेतु यथोचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)रा0स्था0–01 / 2021......198...... **पटना,दिनांक:–** 21-01-2021

प्रतिलिपि :– वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं तदनुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि स्वतंत्र रूप से पदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अंगरक्षक उपलब्ध कराने हेतु यथोचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)रा0स्था0–01 / 2021......198...... **पटना,दिनांक:–** 21-01-2021

प्रतिलिपि :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं तदनुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)रा0स्था0–01 / 2021......198...... **पटना,दिनांक:–** 21-01-2021

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)रा0स्था0–01 / 2021......198...... **पटना,दिनांक:–** 21-01-2021

प्रतिलिपि :–अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 19/1/21